# प्रेस नोट थाना रोजा

## जनपद शाहजहांपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक 10.01.2025**

## SWAT टीम, थाना रोजा पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा नकबजनी/चोरी/गैंगस्टर के अभियोगों में वांछित 02 अन्तर्जनपदीय नकबजन अभियुक्तगण को दौराने पुलिस मुठभेड किया गया गिरफ्तार। (01 घायल सहित)

- **अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा मय कारतूस मय एक अदद खोखा बरामद।**

अवगत कराना है कि जनपद शाहजहाँपुर में शातिर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री प्रयांक जैन के कुशल नेत्रत्व मे जनपदीय एसओजी(SWAT) /सर्विलांस तथा थाना रोजा पुलिस द्वारा दिनांक 9/10.01.25 की रात्रि को थाना रोजा पुलिस द्वारा नकबजनी/गैंगस्टर के अभियोग में वांछित 02 अन्तरजनपदीय नकबजन/गैंगस्टर अभियुक्तगण को दौराने पुलिस मुठभेड पिपरिया नहर से गिरफ्तार किया गया। **घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा मय कारतूस मय एक अदद खोखा मय चोरी किए गये कुल 4.160 ग्राम सफेद धातु के आभूषण व 4500 रुपये नकद बरामद किये गये है।** थाना रोजा पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोजा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण एवं पूछताछ -** दिनांक 09/10.01.25 की रात्रि को थाना रोजा पुलिस मुकरमपुर से पिपरिया सडक पर गश्त कर रही थी। तभी जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि दो व्यक्ति **पिपरिया सडक नहर की पुलिया से रहीमपुर की तरफ नहर पटरी पर चोरी के माल सहित** पैदल पैदल जा रहे हैं जिनके पास अवैध असलहा भी है तथा अपने अन्य साथियों से मिलने वाले हैं मुखविर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर गश्त करते हुए पिपरिया नहर की तरफ पहुँचे तो वहा पहले से मौजूद 02 व्यक्ति अचानक पुलिस को अपनी तरफ आता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने लगे जिससे पुलिस टीम मे मौजूद **आरक्षी राजेश कुमार** घायल हो गए । आत्मरक्षा व अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जबाबी पुलिस फायरिंग मे एक अभि0 मान सिंह पुत्र कल्लू निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर के पैर मे गोली लगी जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया व भाग रहे दूसरे व्यक्ति लालसिंह पुत्र हरपाल निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर को आवश्यक

बल प्रयोग करते हुए हिरासत पुलिस मे लिया गया। दोनो अभियुक्तगणो के पास से **थाना रोजा क्षेत्र के कैलाश नगर कालोनी मे हुयी नकबजनी/चोरी की घटना के साथ-साथ थाना देवरनिया जनपद बरेली मे दिनांक 05.01.2025/06.01.2025 की रात्रि को सर्राफ की दुकान मे अपने गांव के सूरज , खुशहाली के साथ मिलकर चोरी की थी। वारदात संबंधित जेवरात व अभि0 मानसिंह के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय एक अदद खोखा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद किया गया।** घायल हालत मे गिरफ्तार अभि0 मानसिंह उपरोक्त व आरक्षी राजेश कुमार को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल शाहजहाँपुर मे भर्ती किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण शातिर किश्म के अपराधी हैं तथा अभियुक्त मान सिंह जनपद प्रयागराज थाना थरवई से गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत काफी समय से वांछित हैं व फरार चल रहा था। अभियुक्तगणो द्वारा बताया गया कि उनके सहअभियुक्त बन्ने उर्फ विश्वुदयाल पुत्र हुकुमचन्द नि0 अटसलिया थाना रोजा शाहजहाँपुर के साथ कैलाश नगर कालोनी के बाहर जंगल मे बने घर मे पांच दिन पूर्व दीवार के सहारे घर मे उतरकर सोना चांदी एवं कुछ रूपये चोरी किये थे। चोरी मे बन्ने के साथ एक व्यक्ति और भी था जिसे हम नही जानते , सोने के जेवरात व कुछ रूपये बन्ने और उसका साथी ले गये थे। फरार अभियुक्त बन्ने उर्फ विश्वुदयाल पुत्र हुकुमचन्द नि0 अटसलिया थाना रोजा शाह0 व एक अज्ञात। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. मान सिंह पुत्र कल्लू निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर (घायल)
2. लालसिंह पुत्र हरपाल निवासी ग्राम ईशापुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर

## बरामदगी का विवरण-

- ✅ जेवरात सफेद धातु कुल वजन 4.016 किलोग्राम
- ✅ एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर जिसकी नाल में एक जिन्दा मिस कारतूस फंसा हुआ व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर
- ✅ नकद 4500 रुपए

## घायल/गिरफ्तार अभियुक्त मान सिंह पुत्र कल्लू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 14/25 धारा 305,331(4),109,317(2) बीएनएस 3/25 आयुध अधि0 थाना रोजा शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0स0 15/25 धारा 305 बीएनएस थाना देवरनिया, बरेली।
3. मु0अ0स0 234/23 धारा 396,307,323,506,376(डी),325,412,120(बी),34 भा0द0वि0 5/6 पाक्सो एक्ट थाना थरवई,कमिश्नरेट प्रयागराज। ।
4.मु0अ0स0 301/18 धारा 380,457 भा0द0वि थाना पुवाँया शाहजहाँपुर।
5.मु0अ0सं0 252/24 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना थरवई,कमिश्नरेट प्रयागराज।

## गिरफ्तार अभियुक्त लालसिंह पुत्र हरपाल उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 14/25 धारा 305,331(4),109,317(2) बीएनएस 3/25 आयुध अधि0 थाना रोजा शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0स0 15/25 धारा 305 बीएनएस थाना देवरनिया, बरेली।
3.मु0अ0सं0 31/21 धारा 457,380,411,120 (बी) थाना कोल्हुई,महाराजगंज

4.मु0अ0सं0 09/21 धारा 120बी,380,411,457 भा.द.वि थाना घुघली जनपद महाराजगंज
5. मु0अ0सं0 135/21 धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्ड निवारण अधिनियम थआना कोल्हुई महाराजगंज

## घायल/गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

### जनपदीय एसओजी/SWAT टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र कुमार
2. है0का0 सुशील शर्मा
3. है0का0 दिलीप
4. है0का0 रामसंजीवन
5. है0का0 विपीन
6. है0का0 कपिल(चालक)
7. का0 कमल

### सर्विलांस सेल

1. का0 प्रभात चौधरी
2. का0 सचिन यादव
3. मुकुल खोखर

### थाना रोजा पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
3. रि0उ0नि0 श्री सागर थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
4. रि0उ0नि0 श्री शुभम भारती थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
5. का0 2123 राजेश कुमार थाना रोजा,शाहजहाँपुर।
6. का0 2227 अरुण तोमर(चालक) थाना रोजा, शाहजहाँपुर।